प्रभात प्रकाशन का 72 वां साल
स्थापित 1944
मेरठ, गाजियाबाद, लखनऊ एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक
प्रभात
सीधी बात-सच्ची बात

स्वच्छता अभियान में राजीव गांधी वार्ड-2 लखनऊ में प्रथम

उपलब्धि

- यूपी में टॉप थ्री में चयनित होकर बढ़ाया शहर का गौरव

लखनऊ। प्रभात

पीएम मोदी के राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान में राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर के राजीव गांधी वार्ड-2 को लखनऊ में प्रथम स्थान मिला है। रविवार को दिल्ली से आयी केन्द्रीय स्वच्छता समिति के सदस्यों ने यह जानकारी दी। इसी बीच, नगर आयुक्त ने बताया ने इसके साथ ही राजीव गांधी वार्ड को प्रदेश के टॉप थ्री में भी स्थान मिला है। इसके लिए उन्होंने डा. भरत राज सिह, अध्यक्ष स्वच्छता अभियान प्रोत्साहन समिति राजीव गांधी वार्ड-2 को बधाई दी। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस उपलब्धि पर मंगलवार को इस उपलब्धि के लिए राजीव गांधी वार्ड 2 समिति को अवार्ड देकर सम्मानित करेंगे। इस अवसर समिति के अध्यक्ष डा. भरत राज सिह ने बताया कि गोमतीनगर के राजीव गांधी वार्ड.2 में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चार सेक्टरों में विभाजित किया गया था तथा प्रत्येक सेक्टर में सफाई कर्मियों को प्रोत्साहित कर कार्य का संचालन कराया गया। उनके अधिकाधिक प्रयास के फलस्वरूप हम इस कार्य में लखनऊ के सभी वार्डो में से इस वार्ड को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर सके। डा. सिंह ने कहा कि इस कार्य वार्ड.2 के पार्षद अरुन तिवारी के दिशा-निर्देशव व वार्ड के सभी प्रोत्साहन समिति के पदाधिकारियों तथा सफाई कर्मियों के अथक प्रयास रहा, इसके लिए उन्हे बधाई भी दी।